# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (30.04.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 30.04.2025, PAGE-08**

### बीआरएबीयू : परीक्षा विभाग के इस कदम पर उठ रहे सवाल

# बिना रजिस्ट्रेशन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में बिना रजिस्ट्रेशन के पीजी फर्स्ट सेमेस्टर सत्र 2024-26 के परीक्षा फार्म भरने की तारीख परीक्षा विभाग ने जारी कर दी है। फार्म 30 अप्रैल से 10 मई तक बिना विलंब शुल्क के और 13 से 17 मई तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ भरा जाएगा।

परीक्षा फार्म की तारीख आते ही छात्र व शिक्षक परेशान हो गये हैं। पीजी की कक्षाएं 16 अप्रैल से शुरू हुई हैं। कक्षा शुरू होने के 15वें दिन ही परीक्षा फार्म भरने की तारीख जारी कर दी गई है। किसी छात्र का अबतक रजिस्ट्रेशन भी नहीं हुआ है। रोल नंबर भी जारी नहीं किया गया है। बिना रजिस्ट्रेशन के परीक्षा फार्म कैसे भरा जायेगा इसपर सवाल पैदा हो रहा है। पीजी में इसबार 11 हजार छात्रों का दाखिला हुआ है। बिहार छात्र संघ के विवि अध्यक्ष तैयब खान ने इसका विरोध किया है। उनका कहना है कि छात्रों को रोल नंबर तक निर्गत नहीं किया गया है। सिलेबस पता नहीं है। वर्ग का संचालन हुआ नहीं है। इससे छात्र का भविष्य बर्बाद होगा।

शिक्षकों ने कहा कि छात्रों ने अबतक कुछ नहीं पढ़ा है। सिलेबस पूरा बचा हुआ है। ऐसे में छात्र कैसे परीक्षा देंगे।

- पीजी सत्र 2024-26 का परीक्षा फार्म 30 अप्रैल से भरा जाएगा
- कक्षा शुरू होने के 15 दिन बाद ही शुरू हो गई परीक्षा की प्रक्रिया

### एनसीसी के फर्जी सर्टिफिकेट पर एडमिशन

विवि में पीजी दाखिले में एक छात्र का एनसीसी सर्टिफिकेट फर्जी मिला है। जांच में यह बात सामने आई है। डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप ने बताया कि जूलॉजी में एक छात्र का सर्टिफिकेट फर्जी मिला है। इस मामले में एक कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी छात्र के दाखिले पर निर्णय लेगी।

### कोटे में हुए एडमिशन की जांच भी अभी है बाकी

पीजी में दाखिले में कोटे के तहत खेल की बात सामने आई थी। इसके बाद डीएसडब्ल्यू ने सभी कॉलेजों और पीजी विभागों को पत्र लिखकर कोटे में दाखिले की 25 अप्रैल तक जानकारी मांगी थी। 11 कॉलेजों व चार विभागों ने यह जानकारी नहीं दी है। जिन कॉलेजों ने जानकारी नहीं दी है, उनमें एमडीडीएम कॉलेज, एलएस कॉलेज, आरडीएस कॉलेज आदि शामिल हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:30.04.2025, PAGE-08**

# कोटे से नामांकन के दस्तावेजों की होगी जांच

## विश्वविद्यालय की ओर से जांच के लिए बनेगी कमेटी, गड़बड़ी मिलने पर नामांकन होगा रद

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में कोटे के तहत नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से कमेटी का गठन किया जाएगा। डीएसडब्ल्यू की अध्यक्षता में गठित होने वाली कमेटी में दो या तीन अन्य सदस्य शामिल किए जाएंगे। एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स, एक्स सर्विसमैन और दिव्यांगता प्रमाण पत्र से अपना नामांकन पीजी में कराने वाले विद्यार्थियों के सभी दस्तावेज जांचे जाएंगे। इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर उनका नामांकन रद होगा और संबंधित कालेज से लेकर पीजी विभाग पर भी कार्रवाई की अनुशंसा की जा सकती है।

बताया जा रहा है कि स्पाट नामांकन से लेकर कोटा के तहत हुए नामांकन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। पिछले दिनों इसकी शिकायत भी हुई है। इसी आधार पर विश्वविद्यालय ने सभी कालेजों और पीजी विभागों से कोटे में हुए नामांकन का रिकार्ड मांगा था लेकिन पीजी विभाग से लेकर कालेज रिपोर्ट देने में आनाकानी कर रहे हैं। अब तक 11 अंगीभूत कालेजों और चार पीजी विभागों ने नामांकितों की सूची उपलब्ध नहीं कराई है। पहले रिपोर्ट जमा करने की तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की गई थी। तिथि बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराने के बाद अब विश्वविश्वविद्यालय की ओर से इसका रिमाइंडर जारी किया गया है।

**11** कालेजों और चार पीजी विभागों ने नहीं भेजा कोटा नामांकन का रिकार्ड, आज तक का ही समय बचा



मंगलवार को डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने इसको लेकर सभी अंगीभुत कालेजों के प्राचार्यों और पीजी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी अब तक संबंधित रिकार्ड अप्राप्त है। ऐसे में कोटा में नामांकन पाने वाले छात्र-छात्राओं की सूची दस्तावेज के साथ ईमेल पर उपलब्ध कराया जाए।

**रिकार्ड तो सौंपा लेकिन आधा-अधूरा :** विश्वविद्यालय को कोटे से हुए नामांकन का रिकार्ड नौ पीजी विभागों और एक अंगीभूत महाविद्यालय ने उपलब्ध कराई है। बताया जा रहा है कि कई पीजी विभागों ने आधी-अधूरी सूची उपलब्ध कराई है तो कहीं से केवल नामांकित विद्यार्थियों का नाम ही भेजा गया है। दस्तावेज संलग्न नहीं किए गए हैं। इससे नामांकन में गड़बड़ी की आशंका जाहिर होती है।

बताया जा रहा है कि कई प्रीमियर कालेजों में दिव्यांगता कोटा में भी फर्जी नामांकन हुआ है। दूसरे के प्रमाण पत्र किसी दूसरे विद्यार्थी का नामांकन हुआ है। इसी तरह जिसने कभी खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया उसने जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सर्टिफिकेट प्रस्तुत कर नामांकन करा लिया है। जांच हुई तो कई गड़बड़ियां उजागर होंगी।

### इन कालेजों और पीजी विभागों ने नहीं भेजी सूची

- एमडीडीएम कालेज
- एलएस कालेज
- आरडीएस कालेज
- आरबीबीएम कालेज
- रामेश्वर कालेज
- एसएनएस कालेज मोतिहारी
- एलएनटी कालेज मोतिहारी
- एमजेके कालेज बेतिया
- आरएलएसवाई कालेज बेतिया
- एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी
- वीएम कालेज हाजीपुर
- विश्वविद्यालय जूलाजी विभाग
- विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग
- विश्वविद्यालय इतिहास विभाग
- विश्वविद्यालय उर्दू विभाग

### इन पीजी विभागों व कालेज ने भेजी सूची

- विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग
- विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग
- विश्वविद्यालय होम साइंस विभाग
- विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग
- विश्वविद्यालय कामर्स विभाग
- विश्वविद्यालय भूगोल विभाग
- विश्वविद्यालय बाटनी विभाग
- विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग
- विश्वविद्यालय हिंदी विभाग
- आरएन कालेज हाजीपुर

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:30.04.2025, PAGE-08

# बच्चों में सांस्कृतिक विकास जरूरी : प्रो. डीसी राय

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि बच्चों में सांस्कृतिक विकास जरूरी है। इससे उनकी पहचान, समझ और दुनिया के प्रति दृष्टिकोण विकसित होती है। सभी कालेज छात्र-छात्राओं को संस्कृति से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। सांस्कृतिक गतिविधियों में नृत्य, संगीत, नाटक आदि बच्चों के समग्र विकास में योगदान देती है। ये मंगलवार को आरडीएस कालेज की सांस्कृतिक इकाई विरासत की ओर से आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव के उद्घाटन में बोल रहे थे।

**आरडीएस कालेज में सांस्कृतिक इकाई विरासत की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम में पहुंचे कुलपति प्रो. डीसी राय**

सीमा जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संयोजक राम कुमार सिंह ने कहा कि छात्रों के जीवन में सभ्यता और संस्कृति का विकास एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह छात्रों में सामाजिक गुणों को विकसित करने, मूल्यों, विचारधाराओं और रीति रिवाज को स्थापित करने में मदद करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. अनिता सिंह ने की। सांस्कृतिक इकाई विरासत के संयोजक डा. नीरज कुमार मिश्रा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राग जौनपुरी, तबला वादन, राग अहीर भैरव, कृष्ण की चेतावनी, काव्य पाठ, भोजपुरी गीत, छठ गीत व समूह नृत्य की प्रस्तुति हुई।



कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. डीसी राय समेत अन्य • जागरण

### इन छात्राओं ने दी प्रस्तुति

प्रस्तुति में प्रणव, श्रावणी श्रेया, पलक, अंकिता, निकिता, आशा, अभिषेक, गुंजा, शुभम, खुशी, पूजा, सनी ने भाग लिया। मंच संचालन डा. सारिका चौरसिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम का विषय प्रवेश डा. नीरज कुमार मिश्रा ने कराया। मौके पर डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, सिंडिकेट सदस्य डा. रमेश प्रसाद गुप्ता, सीनेट सदस्य डा. संजय कुमार सुमन, डा. नीलिमा झा, डा. रजनीश कुमार गुप्ता, डा. आर एन ओझा, डा. राजकुमार, डा. एमएन रजवी, डा. रजनीकांत पांडे, डा. आनंद प्रकाश दुबे, डा. अनुराधा पाठक व अन्य रहे।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**

**DATE : 30.04.2025, PAGE-08**

# नामांकन के एक माह बाद ही फार्म भरेंगे पीजी के विद्यार्थी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के एक महीने के भीतर ही परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी हो गई है। सत्र को नियमित करने के नाम पर सत्र 2024 - 26 के तहत पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थियों के लिए बुधवार से परीक्षा फार्म भरा जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से फार्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी हो गई है। इससे छात्र-छात्राओं की बेचैनी बढ़ गई है। वे अपने कालेजों और विभागाध्यक्षों से संपर्क कर परीक्षा की संभावित तिथि की जानकारी मांग रहे हैं। छात्रों का कहना है कि मार्च के अंत तक कोटा और स्पाट नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गई है। पाठ्यक्रम की जानकारी भी उन्हें ठीक तरीके से नहीं हो सकी है। कई विषयों में कुछ पेपर की कक्षाएं भी शुरू नहीं हो सकी हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी आदेश के तहत बुधवार से फर्स्ट सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फार्म भरा जाना है। 10 मई तक बगैर विलंब शुल्क के विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरेंगे। इसके बाद 13 से 17 मई तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म स्वीकार किया जाएगा। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक डा. सुधालाल पासवान की ओर से पत्र जारी किया है।

**पाठ्यक्रम होगा संक्षिप्त, दिए जाएंगे माडल प्रश्न :** पीजी के पिछड़े सत्र को पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजभवन के साथ ही शिक्षा विभाग की ओर से दो महीना परीक्षा में विलंब होने के कारण विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया गया है। ऐसे में करीब आठ से दस महीने विलंब से चल रहे पीजी के सत्र को पटरी पर लाने के लिए यह कदम उठाया गया है। बताया जा रहा है कि परीक्षा से पहले पाठ्यक्रम को संक्षिप्त किया जा सकता है। इसके लिए जल्द ही विश्वविद्यालय की ओर से आदेश जारी होगा। दूसरी ओर विद्यार्थियों को माडल प्रश्न पत्र दिए जाएंगे और पढ़ाई को परीक्षोपयोगी बनाया जाएगा।

**रजिस्ट्रेशन हुआ नहीं और जारी हो गई फार्म भरने की तिथि :** पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थियों का अभी तक क्लास राल नहीं मिला है। नामांकन चालान के आधार पर विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन कोड जनरेट किया जाता है। 15 डिजिट के रजिस्ट्रेशन नंबर में छात्र का रोल नंबर भी रहता है। अब तक विद्यार्थियों का कोई रिकार्ड परीक्षा विभाग और यूएमआइएस में उपलब्ध नहीं है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 30.04.2025, PAGE-04

# 11 अंगीभूत कॉलेजों व चार पीजी विभागों ने कोटा से हुए नामांकन की नहीं दी रिपोर्ट



### बुधवार तक सूची उपलब्ध कराने का दिया गया निर्देश

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

विश्वविद्यालय की ओर से कोटा के तहत हुए नामांकन की सूची उपलब्ध कराए, जाने संबंधी आदेश की अवहेलना करते हुए 11 अंगीभूत कॉलेजों और 4 पीजी विभागों ने अब तक नामांकित की सूची उपलब्ध नहीं करायी है. 25 अप्रैल की तिथि बीत जाने के बाद भी संस्थानों की ओर से रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराए जाने के बाद अब विश्वविद्यालय की ओर से इसका रिमाइंडर जारी किया गया है. डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने इसको लेकर सभी अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों और पीजी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी किया है. इसमें कहा गया है कि निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी अब तक संबंधित रिकार्ड अप्राप्त है. ऐसे में कोटा में नामांकन पाने वाले छात्र-छात्राओं की सूची दस्तावेज के साथ ईमेल पर उपलब्ध कराया जाए. यह सूची बुधवार तक उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया है. विश्वविद्यालय के पीजी कोर्सों में कोटा के तहत हुए दाखिलों की रिपोर्ट देने में पीजी विभाग से लेकर कॉलेज आनाकानी कर रहे हैं. इससे पीजी में कोटा मद में हुए नामांकन में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और गड़बड़ी की आशंका है. बताया जा रहा है कि कई पीजी विभागों ने आधी-अधूरी सूची उपलब्ध कराई है. अभ्यर्थियों के नाम हैं तो दस्तावेज गायब हैं.

### इन कॉलेजों ने नहीं भेजी सूची

- एमडीडीएम कॉलेज
- एलएस कॉलेज
- आरडीएस कॉलेज
- आरबीबीएम कॉलेज
- रामेश्वर कॉलेज
- एसएनएस कॉलेज मोतिहारी
- एलएनटी कॉलेज मोतिहारी
- एमजेके कॉलेज बेतिया
- आरएलएसवाई कॉलेज बेतिया
- एसआरकेजी कॉलेज सीतामढ़ी
- वीएम कॉलेज हाजीपुर
- विश्वविद्यालय जूलाजी विभाग
- विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग
- विश्वविद्यालय इतिहास विभाग
- विश्वविद्यालय उर्दू विभाग

### पीजी में नामांकन हुए एक माह पूरा नहीं हुआ, परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2024 - 26 में नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गयी है. विश्वविद्यालय की ओर से जारी आदेश के तहत बुधवार से फर्स्ट सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म भरा जाना है. इसको लेकर सवाल उठने लगा है. बता दें कि पीजी फर्स्ट सेमेस्टर के विद्यार्थियों का नामांकन हुए एक महीना भी पूरा नहीं हुआ है लेकिन परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी हो गयी है. गाइड लाइन के तहत 10 मई तक बगैर विलंब शुल्क के विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरेंगे. इसके बाद 13 से 17 मई तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म स्वीकार किया जाएगा. इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान की ओर से पत्र जारी किया गया है. इसकी सूचना सभी पीजी विभागों से लेकर पीजी की पढ़ाई कराने वाले अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों को दी गयी है. बता दें कि मार्च के अंत मे स्पॉट नामांकन के तहत और उसके बाद कोटा से पीजी कोर्स मे नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गयी है. एक महीने के भीतर ही फार्म भराया जा रहा है. ऐसे मे छात्र-छात्राओं का कहना है कि अभी पाठ्यक्रम की जानकारी नहीं है. पढ़ाई भी शुरू नहीं हुई है. ऐसे मे फॉर्म भरने की तिथि जारी करने का उद्देश्य क्या है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 30.04.2025, PAGE-04

### रामदयालु सिंह महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'विरासत' का आगाज

# विद्यार्थियों में सांस्कृतिक विकास जरूरी : वीसी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

रामदयालु सिंह महाविद्यालय की सांस्कृतिक इकाई "विरासत" द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन मंगलवार को करते हुए बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय ने कहा कि बच्चों में सांस्कृतिक विकास बहुत जरूरी है क्योंकि इससे उनकी पहचान, समझ और दुनिया के प्रति दृष्टिकोण विकसित होता है. कॉलेजों को अपनी संस्कृति से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए, सांस्कृतिक गतिविधियों में नृत्य, संगीत, नाटक आदि बच्चों के समग्र विकास में योगदान देती है. रामदयालु सिंह महाविद्यालय की सांस्कृतिक इकाई विरासत एक अनूठा प्रयास कर रहा है.



कार्यक्रम मे मंच पर उपस्थित कुलपति व अन्य.

मुख्य अतिथि राम कुमार सिंह, अखिल भारतीय सह-संयोजक सीमा जागरण मंच ने कहा कि छात्रों के जीवन में सभ्यता और संस्कृति का विकास एक महत्वपूर्ण पहलू है. यह छात्रों में सामाजिक गुणों को विकसित करने, मूल्यों, विचारधाराओं और रीति रिवाज को स्थापित करने में मदद करता है. रामदयालु सिंह कॉलेज का इस दिशा में प्रयास काफी सराहनीय है. सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों को रचनात्मक और प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करते हैं.

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनिता सिंह ने कुलपति समेत आगत अतिथियों का अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया. उन्होंने कॉलेज की प्रगति के रोड मैप पर चर्चा करते हुए कहा कि कॉलेज विकास की ओर प्रतिबद्ध है. कॉलेज में अकादमिक गतिविधि के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधि पर जोर दिया जा रहा है. सांस्कृतिक इकाई विरासत के संयोजक डॉ नीरज कुमार मिश्रा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विरासत की टीम छात्रों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है. सांस्कृतिक कार्यक्रम में राग जौनपुरी, तबला वादन, राग अहीर भैरव, कृष्ण की चेतावनी, काव्य पाठ, भोजपुरी गीत, छठ गीत, एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई. मंच संचालन डॉ सारिका चौरसिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम का विषय प्रवेश डॉ नीरज कुमार मिश्रा ने कराया. मौके पर छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह, सिंडिकेट सदस्य डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, सीनेट सदस्य डॉ संजय कुमार सुमन, डॉ नीलिमा झा, डॉ रजनीश कुमार गुप्ता, डॉ आरएन ओझा, डॉ रामकुमार, डॉ एमएन रजवी, डॉ रजनीकांत पांडे, डॉ आनंद प्रकाश दुबे, डॉ अनुराधा पाठक समेत शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे.